सूचना और प्रसारण मंत्रालय

डीडी न्यूज ने यूट्यूब पर 40 लाख सब्सक्राइबर्स की संख्या पार की, प्रसार भारती के 2017 से अब तक कुल 1.5 करोड़ सब्सक्राइबर्स हुए

प्रविष्टि तिथि: 26 AUG 2021 5:50PM by PIB Delhi

प्रसारण के बदलते परिदृश्य, तकनीक और दर्शकों की मांग को ध्यान में रखते हुए प्रसार भारती के दूरदर्शन और ऑल इंडिया रेडियो पर डिजिटल प्लेटफॉर्म पिछले कुछ वर्षों में विकसित हुए हैं जिससे सब्सक्राइबर्स, फॉलोअर्स, लाइक्स और व्यूज़ के लिहाज से वे कई गुना बढ़ रहे हैं।

एक और उपलब्धि हासिल करते हुए डीडी न्यूज ने अपने यूट्यूब चैनल पर 40 लाख सब्सक्राइबर्स की संख्या को पार कर लिया है। पिछले महीने जुलाई में डीडी नेशनल ने 40 मिलियन सब्सक्राइबर्स की उपलब्धि हासिल की थी।

Sr No.	Channel Name	Total Subscribers	Total Views
1.	DD National	41,00,000	62,73,48,088
2.	DD News	40,00,000	78,47,46,187
3.	DD Chandana	9,63,000	14,45,26,992
4.	Prasar Bharati Sports	7,72,000	9,72,72,352
5.	DD Kisan	7,31,000	7,78,31,593
6.	DD Sahyadri News	7,19,000	15,40,07,372
7.	Prasar Bharati Archives	6,15,000	8,92,39,851
8.	DD Saptagiri	4,87,000	5,21,67,642
9.	DD Sahyadri	4,73,000	5,13,02,771
10.	DD Bangla News	4,47,000	10,98,36,252

2017 और 2021 के बीच (आज तक), समाचार और सामान्य इंफोटेनमेंट दोनों में दूरदर्शन और ऑल इंडिया रेडियो ने यूट्यूब पर 1.50 करोड़ से ज्यादा डिजिटल सब्सक्राइबर जोड़े हैं, जिससे उनका मौजूदा डिजिटल सब्सक्राइबर आधार 1.73 करोड़ तक पहुंच गया है।

जहां डीडी न्यूज और डीडी नेशनल के यूट्यूब चैनल कई मिलियन सब्सक्राइबर्स के साथ सबसे आगे हैं, वहीं प्रसार भारती स्पोर्ट्स और डीडी किसान यूट्यूब चैनल जल्द ही मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर्स वाली पंक्ति में शामिल हो जाएंगे। ऑल इंडिया रेडियो का राष्ट्रीय समाचार यूट्यूब चैनल, न्यूज ऑन एयर ऑफिशियल, एआईआर नेटवर्क के यूट्यूब चैनलों में सबसे ऊपर है।

क्षेत्रीय चैनलों में डीडी चंदना (कन्नड़), डीडी सह्याद्री (मराठी), डीडी सप्तगिरी (तेलुगु), डीडी बांग्ला, डीडी गिरनार (गुजराती), एआईआर इंफाल और ऑल इंडिया रेडियो की पूर्वोत्तर सेवा ने लाखों सब्सक्राइबर्स के साथ यूट्यूब पर महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज की है।

अगर हम इन शीर्ष 10 चैनलों की वर्ष-वार सब्सक्राइबर बढ़ोतरी पर नज़र डालें, तो हम पाएंगे कि ये विकास वक्र 2017 में बढ़ना शुरू हुआ और तब से ऊपर की ओर जाता रहा। दो शीर्ष चैनलों डीडी नेशनल और डीडी न्यूज का लाइफटाइम ग्रोथ ग्राफ भी उसी इसकी पुष्टि करता है।





इन चैनलों के सब्सक्राइबर्स की वृद्धि का सालाना ब्रेक-अप 2018 और 2020 के बीच के वर्षों में उनकी बढ़ती प्रगति को दर्शाता है।



******

एमजी/एएम/जीबी/वाईबी

(रिलीज़ आईडी: 1749355) आगंतुक पटल : 25

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Bengali , Tamil